Rajasthan Patrika, Delhi, October 26, 2009

आईआईटी दिल्ली में आईटी क्विज 31 को

पत्रिका ब्यूरो

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर। स्कूली छात्रों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी, आईटी के प्रति जागरुक करने एवं मौजूदा टेक्नोलॉजी से परिचित कराने को लेकर टाटा कंसलटेन्सी सर्विसेज ने आगामी 31 अक्टूबर को यहां क्विज 2009 का आयोजन किया है।

आईआईटी दिल्ली परिसर में आयोजित इस क्विज में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के छात्र भाग ले सकते हैं। इसमें किसी तरह का प्रवेश शुल्क नहीं होगा और प्रविशिष्टियां 28 अक्टूबर तक ली जा सकेंगी। टीसीएस के उपाध्यक्ष देवाशीष घोष ने बताया कि क्विज विजेताओं को लेपटाप दिए जाएंगे जबकि उपविजेता को कैमरे व डिजिटल फोटो फ्रेम दिया जाएगा। फाइनल में जगह बनाने वाले छह अन्य प्रतिभागियों को भी उपहार दिए जाएंगे।